कक्षा 8

कार्य पत्रिका 1

पाठ 13, अपठित गद्यांश,संधि समास

1) निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

मेरी अहिंसा ऐसे किसी भी स्वस्थ व्यक्ति को मुफ्त का भोजन दिया जाना सहन नहीं करेगी, जिसने ईमानदारी के साथ उसके एवज में कोई न कोई काम न किया हो। अगर मेरी शक्ति में होता तो मैं ऐसे सभी सदाव्रत बंद करा देता जिनमें मुफ्त भोजन कराया जाता है। यह प्रणाली राष्ट्र को गिरावट की ओर ले गई है और इसने आलस्य, अकर्मण्यता, ढोंग और यहाँ तक कि अपराध वृत्ति को भी बढ़ावा दिया है। अपात्रों पर दयालुता दिखाने की इस वृद्धि से राष्ट्र की सम्पत्ति में कोई वृद्धि नहीं होती। न भौतिक और न आध्यात्मिक, बल्कि इससे दानदाता में पुण्यशाली होने की झूठी भावना पैदा होती है।

गद्यांश पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

क) लेखक की अहिंसा किस प्रकार के लोगों को मुफ्त का भोजन देना पसंद नहीं करेगी?

ख) लेखक की शक्ति में होता, तो वे क्या करते?

ग) सदाव्रत बाँटने की प्रणाली का राष्ट्र के जीवन पर कैसा प्रभाव पड़ता बताया गया है?

घ) अपात्रों पर दयालुता दिखाने से किस प्रकार की भावना पैदा होती है?

2) नीचे दिए शब्दों में सही स्थान पर अनुस्वार या अनुनासिक का चिहन लगाएँ। हसी, मुह, परतु

सुदर, कहानिया, बधा

3) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए।

क) इधर उधर सेवंती का फूल मारे खुशी के हँस रहे था।

ख) अब्बू खाँ बकरियाँ का बोली समझने लगी था।

4) वचन परिवर्तन कीजिए। कोठरी, खिड़की

5) सही कथन के सामने सही तथा गलत के सामने गलत का चिहन लगाएँ।

क) अंत में भेड़िए ने चाँदनी को आ दबाया और खा गया।

ख) कल्लो की कहानी सुनकर चाँदनी ने पहाड़ पर न जाने का निर्णय लिया।

6) शब्दों के केवल अर्थ लिखें। तसल्ली, मिज़ाज

7) वाक्य रचना करें।

आवभगत

8) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए।

क) किसने कहा कि जीत चाँदनी की हुई है?

ख) साल सवा साल की बकरी चाँदनी का रंग कैसा था?

9) जब चाँदनी को अब्बू खाँ के यहाँ काफी दिन हो गए तो उन्हें किस बात का विश्वास हो गया?

10) कल्लो किसका नाम था?

11) किसने, किससे कहा? 'अल्लाह ने दो सींग दिए हैं, इनसे उसे मारूँगी'

12) अब्बू खाँ कहाँ रहते थे?

13) अब्बू खाँ को किस चीज़ का शौक था?

14) अब्बू खाँ की किन्हीं तीन बकरियों के नाम लिखें।

15) पहाड़ पर रहने वाली बकरियाँ किस नस्ल की होती हैं?

विस्तार से उत्तर दीजिए।

16) लेखक ने अब्बू खाँ को बदनसीब क्यों कहा?

17) संधि विच्छेद करें।

चिकित्सालय स्वेच्छा

18) संधि संयोजन करें।

लोक+ उक्ति

नर+ उत्तम

19) समस्त पद लिखें।

सत्य के लिए आग्रह

रसोई के लिए घर

20) समास विग्रह करें।

राहखर्च, क्रीड़ाक्षेत्र, शोकाकुल, अकालपीड़ित

कक्षा 8

कार्य पत्रिका 2

साहित्य पाठ 14,15

व्याकरण विलोम,पर्याय,वाक्यांश के लिए एक शब्द, अपठित पद्यांश

1) कपट मृग का क्या अर्थ है?

2) दशानन अर्थात रावण कहाँ पहुँचा?

3) मृग को देखकर राम ने क्या किया?

4) वन में किस तरह के अनेक प्राणियों का निवास था?

5) कविता में रघुबीर शब्द का प्रयोग किस के लिए किया गया है?

6) दिए गए शब्दों के दो- दो हिंदी पर्याय लिखें।

दशानन, चर्म

7) सैनिक ने राजा पुरु को सिकंदर की सेना द्वारा किस नदी को पार कर लेने की सूचना दी?

8) सिकंदर ने राजा पुरु के साथ कैसा व्यवहार किया?

9) हाथियों के पैर कहाँ नहीं टिकते?

10) विलोम शब्द लिखिए। वरदान, गद्दार, युद्ध

11) किसने, किससे कहा?

क्या वे नहीं जानते कि हमारी सेना कितनी बड़ी है?

12) सैनिक ने राजा पुरु को क्या समाचार दिया?

13) केवल अर्थ लिखें।

कूच करना

सुलह

14) आम्भी कौन था? वह किससे जा मिला था?

15) सिकंदर ने आम्भी को किस बात के लिए प्रताड़ित किया?

16) सिकंदर दुनिया जीतने कहाँ से निकला था?

17) वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखें।

एक ही समय में जो उत्पन्न हुए हों-

जो सब कुछ जानता हो- जिसका कोई अंग बेकार हो गया हो-

18) विलोम शब्द लिखें। आधुनिक,नूतन, आदान

19) पर्यायवाची शब्द लिखें। बाग, भौंरा

20) अपठित पद्यांश

फूलों ने अपनी दे सुगंध

क्यों उपवन को महकाया

पाखी ने तिनका जोड़ जोड़

क्यों सुन्दर नीड़ बनाया

क्यों माँ अपने बच्चे को है निसदिन अंक लगाती

क्यों मछली बनकर सुन्दर

जल की रानी कहलाती

क्यों चिड़िया निज बच्चों को चुग्गा ला रोज खिलाती

क्यों धरती अन्न उगाकर

हम सब की क्षुधा मिटाती नदियाँ पर्वत से निकल निकल आती है क्यों जल लेकर

क्यों सदा आन रखता है

योद्धा अपना सिर देकर

क्यों एक खिलाड़ी लड़कर

निज टीम को जीत दिलाता क्यों बादल उमड़ घुमड़ कर धरती पर रस बरसाता

अपठित पद्यांश ध्यान से पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए

क) फूल अपनी सुगंध से क्या करता है?
ख) नदियाँ कहाँ से निकल कर आती हैं?
ग) खिलाड़ी लड़कर क्या करता है?
घ) धरती हमारी क्षुधा किस प्रकार मिटाती है?
ङ) धरती का पर्यायवाची शब्द लिखिए।

कक्षा 8

कार्य पत्रिका 3

साहित्य पाठ 17,18

अनेकार्थ, श्रुतिसम, उपसर्ग, प्रत्यय, काल

अनुच्छेद लेखन

1) अंडमान निकोबार द्वीप समूह में चावरा द्वीप कहाँ पर स्थित है?

2) बनूई लोई क्या है?

3) चावरा के लोगों का रंग, रूप और आचार, व्यवहार किन की तरह था?

4) सत्साहसी पाठ के लेखक कौन हैं?

5) संसार के सभी महापुरुषों में कौन सा गुण विद्यमान था?

6) किस गुण के बिना साहस पूर्णतया प्रशंसनीय नहीं कहा जा सकता?

7) मारवाड़ के मौरुदा गाँव के ज़मींदार का नाम क्या था?

8) केवल अर्थ लिखें। बलिष्ठता, अभिलाषा

9) किस प्रकार का साहस चोर और डाकू भी कभी- कभी कर गुजरते हैं?

10) किसी जाति या देश का इतिहास कब तक नहीं बन सकता?

11) काल का नाम बताएँ।

क) दादाजी स्टेशन पर पहुँच चुके थे।

ख) गायक गाना गा रहा है।

12) केनो से याम और फलों को किसने उतारा?

13) दिए गए तत्सम शब्दों के तद्भव रूप लिखिए।

दुग्ध, कर्ण, अग्नि

14) चावरा द्वीप कहाँ पर स्थित है?

15) केनो देखकर चावडा द्वीप के बुजुर्ग किस नतीजे पर पहुँचे?

16) पठित गद्यांश

अचानक उन्हें एक द्वीप दिखाई देने लगा। वे खुशी से उछल पड़े। उन्होंने पूरी शक्ति के साथ केनो का खेना शुरू किया और अंततः चावरा के तट पर जा लगे।

क) प्रस्तुत गद्यांश किस पाठ में से लिया गया है तथा इसके लेखक कौन हैं? ख) प्रथम पंक्ति में वर्णित उन्हें शब्द किसके लिए आया है?

ग) केनो किसका नाम है?

17) श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्द- अर्थ लिखकर अंतर स्पष्ट करें।

चर्म/चरम

18) अनेकार्थी शब्द- कम से कम दो अर्थ लिखें।

योग

19) क) उपसर्ग का प्रयोग शब्द के______ में किया जाता है। ख) शब्दों के अंत में जुड़ने वाले शब्दांश_____ कहलाते हैं।

20) अनुच्छेद लेखन

जीवन में मित्रों का महत्त्व।

कक्षा 8

कार्य पत्रिका 4

साहित्य पाठ 19,20 व्याकरण- संबंधबोधक, समुच्चयबोधक, निपात, मुहावरे, लोकोक्तियाँ, पत्र

1) संबंधबोधक भरें।

क) जाम लगने_____ मुझे विद्यालय पहुँचने में देरी हो गई।

ख) माता जी ने रास्ते___ पराठे रख दिए थे।

2) समुच्चयबोधक भरें।

क)वह घर से विद्यालय के लिए निकला तो__ गया नहीं। ख) उसने परिश्रम शुरू कर दिया___ वह पास हो जाए।

3) निपात भरें।

क) वह__ नियम से सारे व्रत रखता है।

ख) किसी दिन हमारे घर___ आना।

4) मुहावरे का केवल अर्थ लिखें।

क) चादर देखकर पैर फैलाना

ख) पत्थर की लकीर होना।

5) लोकोक्ति का केवल अर्थ लिखें।

क) घर का भेदी लंका ढाए ख) खग जाने खग की ही भाषा

6) 'हर कोई समय से हारा' पंक्ति से क्या पता चलता है?

7) कवि ने जीवन की तुलना किसके साथ की है?

8) ऋतुचक्र किसके इशारे से मुड़ता है?

9) सौर मंडल का दूसरा बड़ा ग्रह कौन सा है?

10) शनैःचक्र का क्या अर्थ है?

11) हमारे देश के पुराने ग्रंथों में शनि को क्या कहा गया है?

12) शनि ग्रह में कितनी पृथ्वियाँ समा सकती हैं?

13) मूल शब्द और प्रत्यय अलग कीजिए।

विस्तृत, काल्पनिक

14) शनि ग्रह कितने वर्षों में सूर्य का एक चक्कर लगाता है?

15) हमें किसके साथ चलना है और क्यों?

16) जीवन में उन्नति करने के लिए कवि ने क्या सलाह दी है?

17) समय कविता हम को क्या संदेश देती है?

18) प्रकृति के कौन कौन से कार्य समय पर होते हैं?

19) शनि का दिन हमारे दिन से काफी छोटा क्यों होता है?

20) उपग्रह किसे कहते हैं?

21) शनि के सबसे बड़े चंद्र का नाम बताएँ।

22) प्रातःकाल उठकर भ्रमण करने की सलाह देते हुए छोटे भाई को पत्र लिखिए।